Having explained all these points I hope that I shall not have to hear that the hon. Member may kindly withdraw the Bill as the Government itself is thinking to introduce a similar legislation. Before concluding, I will just point out to the House that there have been some printing mistakes and some omissions. In the sub-section which I want to replace, these words have not been printed there:

"No employer shall dispense with the services of a person employed." These words are not there and they may kindly be added there. Further in sub-section (4), in line 4, for the word 'or', the word 'for' is printed. It may be accordingly corrected.

I hope that this amending Bill will receive the consideration of the hon. Minister concerned. I also appeal to the House to think over the whole matter, and allow the Bill to have a passage in the House.

* *Dr. G. S. Melkote:* Sir, I was extremely pleased to find a peculiarly good effect that the speech of the Home Minister had made on the Members of the Opposition, particularly the Leader of the Opposition himself.

At the outset, he said it was very good that the Treasury Benches permitted him to go through the first reading of the amendment Bill. I thank him for the good sentiments he had expressed. I should also say that to a certain extent he had anticipated possibly what I was going to say.

I wish to remind him a few factors based on actual facts. The situation as it obtains in Hyderabad is different from that obtaining in Madras; where the Madras Act which he has just now read out is administered. Here in Hyderabad, the worker is entitled to a gratuity of 15 days. This is not to be found in Madras. The Leader of the Opposition did not mention this. The other advantages to which he referred were: (1) an enquiry or to cause an enquiry to be made with regard to the dismissal of the employee, and (2) setting up a machinery for adjudication, and (3) to make it obligatory on the part of the employer to give a month's notice or wages in lieu thereof. These were the three things. These were particularly considered in the 1951 Act.

During his speech, the Leader of the Opposition has also mentioned that the Trade Union Act applied only to the factories and not to the Shops and Establishments. I would like to correct him there and tell him that the Trade Union Act applies to both the factories as well as shops and establishments. With regard to dismissals and discharges, even as the Madras Act stands, these are being referred for adjudication and as such, there is absolutely no difficulty. So the only two points that are left for consideration are: (1) month's notice or a month's pay in lieu thereof; This matter is engaging the active consideration of the Government. It is very easy for Members of the Opposition to say that if the Government accepts it and pass an ordinance within a week the members of the Opposition would have no objection to the same. When I was one of the Presidents of a Labour Union I had similar occasions to complain to the then Government. With regard to the Shops & Establishments Act, I had felt that the Government should move very quickly. That

is why when the Leader of the Opposition brought this amendment I thought it should be gone through because I too experienced similar difficulties. But seated as I am on the Treasury Benches. I have got to consider various other aspects about which possibly he is not aware. He did not place........

Shri V. D. Deshpande: The hon. Minister may explain those things.

Dr. G. S. Melkote: Yes, I am doing that. He is possibly not aware that in Madras when such an enactment was ma^de these administrative provisions made there. The Madras Shops & Establishments Act of 1947 extended to the City of Madras, to the municipalities constituted under the Madras District Boards and Municipalities Act of 1920, and all the major Panchayats as classified by the Government. The admin'stration of the Act is enforced by 199 whole-time Inspectors designated as Asst. Inspectors of Labour assisted by a lower division clerk and a peon for each Asst. Inspector. These Asst. Inspectors should work under the control of Gazetted Inspecto s. That shows the amount of establ shment that would be necessary; and if the Government has got to accept any legislation, it has got to consider the administrative aspect of enforcing such a legislation. That is one of our difficulties. The second is before the Government makes up its mind in favour of a Bill of this type, it has got to give sufficient latitude to the proprietors of hotels themselves to ma .e representations to the Government. Such time has not been allowed to those people. Government certainly considers this amendment bill very sympathetically, but in order that the Government may consider setting up the necessary administrative machinery and the consequential financial and other implications as well as in view of the time-lag that would be necessary in order to enable the proprietors to place their point of view before the Government, we consider that this Bill as brought before the House should not be pressed for. That is my only objection. With the principle itself, I agree entirely. I myself and my colleague, the Deputy Labour Minister, have been thinking on these lines. What exact shape it would take I am not in a position to foresee at present; but we are certainly considering this amendment Bill and very shortly—we do not desire to take very long time as

we also experience such difficulty--we would like to bring before the House the necessary legislation. I therefore request the Leader of the Opposition to withdraw this Bill and help me to bring in a comprehensive legislation as early as possible.

**Shri V. D. Deshpande*: Sir, Whether I have misunderstood the hon. Minister or he has misunderstood me, the point is this: The workers are fighting not mainly for gratuity but mainly for security of service. He feels that if he should get 15 days' wages.........

Dr. G. S. Melkote: I accept all those conditions.

Shri V. D. Deshpande: But my point is this. I have come to know that the advice given by the Labour Department on this point has been.......

Dr. G. S. Melkote: Whatever that advice might be, I said that the matter would be sympathetically considered.

Shri V. D. Deshpande: Anyway, I will express my views before I express what I want to do in this particular regard. I want that the Madras Act should be amended to provide a gratuity there also; but that should not become a plea for not providing security of service. I have great objection to the Labour Department. I will come to that when we deal with the demands relating to it. The Labour Department has been putting spokes to get this Act amended for the last one year. Previously also, the Minister for Labour, probably without giving any thought to this, refused to amend this Bill, when I had brought in the amending Bill. Today I have got evidence that it is the Labour Department that is coming in the way of putting this amendment through.

Dr. G.S. Melkote: I am sorry, the hon. Leader of the Opposition is entirely wrong.

Shri V. D. Deshpande: I may be corrected. My impression won't go. Today I have got evidence with me that the Inspector for Shops & Establishments in Secunderabad is

moving in the cars of employers, is attending the meetings of hotel owners, is advising them how to dispense with the services of the employees and is trying in every way to help the employers. It is on the advice and guidance of such employees that the hon. Minister is feeling that in Madras gratuity is not given while in Hyderabad something very big has been given to the workers. It is the security of service that the worker wants and not the gratuity. I do not say that the 15 days' gratuity should be removed. Regarding the establishment that may be necessary we on this Side will vote for such establishment if it is in the interests of the workers. When we criticise the Government expenditure it is in that particular aspect where it is not in the interests of the public but where certain machinery is necessary to give facilities to the workers, nobody from this side can have any objection. That should not come as a plea from the Government.

Dr. G. S. Melkote: That is not a plea. What I said is that the financial aspects have got to be considered. What type of officers are necessary, whether we are having such officers or whether they have got to be trained to suit this particular suit—these are the considerations for which the hon. Leader of the Opposion has to give us time.

Shri V.D. Deshpande: Today some workers of Modern Cafe, City Cafe, etc., are removed. They are being victimised. Even if they go to the Industrial Court, the most that they can get is some gratuity for the period of years they have worked. We want their reinstatement. How is the Labour Department going to help? The Industrial Tribunal could not help unless the Act is amended. It can be proved in an Industrial Court that the worker was removed by the employer illegally. But what is the relief? His relief is only gratuity, not reinstatement. Therefore, I say that if nothing is done by the Government immediately in this respect, this fight of the employees in the city of Hyderabad, Secunderabad and in the district places which is there since this Act has come into vogue will continue without any relief. I want in the circumstances a categorical reply from the hon. Minister for Labour that at least during the course of this Session this particular Bill would be amended and the Bill introduced in this House during this Session. I think it

should be possible. If the Government could have an ordinance exempting the Deputy Ministers for holding offices of profit overnight—or with a delay of one week,—then why is it not possible that during the course of this Session, say before 10th April such a small piece of legislation can be brought into this House, especially when there was a conference of Labour Officers recently, when specially this matter was discussed and when the hon. Minister for Labour was a Trade Union Worker for a long time and President of INTUC and when, as he himself said, he had experienced all these things. In these circumstances, I see no reason why a promise should not be forthcoming from him that during the course of this Session itself he will be in a position to amend this particular Act so as to remove the difficulties the workers are experiencing.

I see no reason why a promise that during the course of this Session he will be in a position to amend the Shops and Establishments Act should not be forthcoming from the Labour Minister. This would remove the difficulties which the workers are experiencing now. If an assurance is made that during the course of this Session say about 10th April, a legislation of this type will be introduced, I will have no hesitation to withdraw the bill I now propose. Let me state very clearly that the next Session of the House may be called only after six months and in the meanwhile the sufferings of the workers cannot be remedied and the struggle between the employers and employees would continue. In view of this, I will once again plead with the Minister that it should be possible for the Government to take this matter up within the course of this Session and I request him to give such an assurance. In that case I have no objection to withdraw it.

Dr. G. S. Melkote : There seems to be certain amount of misunderstandings in the mind of the Leader of the Opposition. He referred to the Madras Act, wherein a provision is made for adjudication. I said that the same type of adjudication is taking place in Hyderabad today and once it is there, it is for the Judge to declare whether the dismissal is legal or not. Once he says that it is legal naturally Government cannot interfere; if it is not legal, naturally the proprietor of the shop or establishment has to take the employee back. What other measures the Leader of the Opposition

envisages in the Act, is not clear. The provision is there, as it is.

With regard to his other point that I should categorically mention that I would bring such a legislation before the end of this Session, I will certainly not be able to do this.

The Government has its duty to perform to everyone and it will necessarily see that the conditions of the labour improve. I have seen their difficulties and know them. Such legislation should be brought about as early as possible. Even then, I have to give everybody a chance to represent their point of view. The time is too short and I will definitely not be able to come before the House with a legislation of the type needed. I said that Government is viewing the whole matter very sympathetically and a legislation of an almost similar type will be brought as early as possible.

Mr. Speaker : The Question is :

"That L.A. Bill No. VI of 1954, the Hyderabad Shops and Establishments (Amending) Bill 1953 be read a first time."

The motion was negatived.

Resolution : Re : Pakistan—U. S. Military Pact.

Mr. Speaker : A resolution is to be moved by Shri V. D. Deshpande. He may move the resolution.

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—अध्यक्ष महोदय, मैं अेक प्रस्ताव यू. अेस.-पाक पॅक्ट के सिलसिले में हाअुस के सामने मुव्ह करना चाहता हूं। यह प्रस्ताव जब भेजा गया था अुस वक्त के हालात और आज के हालात में तबदीलियां वाक्या होने की वजह से मैंने अिस रेजोल्यूशन में कुछ तबदीलियां की हैं। अुन तबदीलियों के लिये अगर मुझे अिजाजत मिलें तो मैं अिसको अिस तरह मुव्ह करना चाहता हूं।

مسٹر اسپیکر- بات یہ ہے کہ یہ رزولیوشن پہلے آیا تھا - اس میں آفس کی جانب سے کرکشنس کئے گئے تھے - اسے چھاپنے کے بعد آنریبل ممبرس کو ریزولیوشن کی کاپیاں دی گئیں - پھر اس سے متعلق آنریبل ممبرس کی جانب سے ترمیمات پیش کی گئیں - آپ اصل رزولیوشن میں جو تبدیلی کرنا چاہتے ہیں مجھے اس پر کوئی اعتراض نہیں ہے لیکن ممکن ہے کہ ترمیمات پیش کرنے والے آنریبل

ممبرس کو اوس پر کچھ اعتراض ھو ۔ میری رائے میں یہ امنڈمنٹس کچھ ایسے زیادہ اھم تو نہیں ھیں ۔ لیکن ھوسکتا ھے کہ آنریبل ممبرس اس پر کچھ کہیں ۔ اگر موجودہ پرنٹڈ ریزولیوشن کو موو کیاجائے تو اس کے بعد معزز رکن امنڈمنٹ کے طور پر اس میں تبدیلی فرماسکتے ھیں ۔ اوریجنل پرنٹڈ ریزولیوشن (original printed resolution) میں دس آنریبل ممبرس نے امنڈ منٹس پیش کئے ھیں ۔ آپ پرنٹڈ ریزولیوشن میں جو تبدیلیاں کرنا چاھتے ھیں کیا وہ ان دس آنریبل ممبرس کو منظور ھیں ؟

شری عبدالرحمن (ملک پیٹھ) ۔ ھاں ھمیں منظور ھیں ۔

Shri V. D. Deshpande: I beg to move :

"That this Assembly expresses grave concern at the pact of military alliance and aid between America and Pakistan by virtue of which the American armed forces are expected to build their war bases in Pakistan under the plea of strengthening them. This pact while endangering the freedom and independence of Pakistan, brings the danger of war on the border of India and attempts to coerce India into war camp. It will further involve the whole of South East Asia in the preparation for acts of aggression and brings near the out-break of Third World War.

This Assembly, while expressing solidarity and friendship between the people of India and Pakistan calls upon the Government of India to raise a powerful campaign against this pact and develop Indo-Pakistan friendship, As'an solidarity and World Peace.

This Assembly pledges its full support to the Government of India in this respect."

Mr. Speaker: Resolution moved.

Shri L. B. Konda (Asifabad-General): I beg to move :

(1) That for para 1 subtitute the following :

"This Assembly expresses its grave concern at the Military Aid Pact between the United States of America and Pakistan leading to consequences endangering the freedom

and peace of India including South-East Asia and even precipitation of third world war."

(*ii*) For para 2, substitute the following :—

"This Assembly recommends to the Government of India to take strong security measures to encounter the impending danger to freedom and peace of India ; and further recommends to launch effective campaign for Indo-Pakistan friendship, Asian solidarity and world peace."

(*iii*) In line (1) of para 3, *omit* the word "also."

Mr. Speaker: Amendment moved.

Shri Ankushrao Ghare (Partur): I beg to move:

(*i*) That in line 12 of the Resolution, delete the following words, namely :—

"revere all connections with the United States of America"

(*ii*) Add the following at the end of the Resolution :

"and emphasises the need of extending compulsory military training to all students of high schools and colleges above the age of 18 years."

Shri V. B. Raju (Secunderabad-General) : The first portion of the amendment is not necessary, because it has been accepted by the mover himself in his own amendment.

Mr. Speaker : Part 2 of the amendment moved.

Shri V. D. Deshpande : The discussion may take place after interval. I do not want to be interrupted after two or three minutes by an interval.

Mr. Speaker: I expected the hon. Member would begin his speech immediately. All right we will adjourn, now.

The House then adjourned for recess till Half Past Five of the Clock.

The House re-assembled after recess at Half Past Five of the Clock.

[MR. DEPUTY. SPEAKER IN THE CHAIR].

श्री. व्ही. डी. देशपांडे:—अध्यक्ष महोदय, जो बादल अब तक हिंदुस्तान के मशरीक में और मगरीब में मंडरा रहे थे वे आज रास्त हिंदुस्तान पर आना चाह रहे हैं। जो खतरा हमारे आसपास के मुल्कों को अमेरिकन कार्यवाहियों की वजह से पिछले पांच साल से पैदा हुआ है, वह आज रास्त तौर पर हिंदूस्तान पर आ रहा है। और अमेरिका के अुस जारहाना अेकदाम के खिलाफ हमें सोचने का मौका आ गया है। कल ही पंतप्रधान नेहरू ने पार्लिमेंट में यह कहा है कि अब हम अमेरिकन फौजी अफसरों को गैरजानिबदार नहीं समझ सकते अुनके अल्फाज ये है।

"We think a situation has arisen when no officer of the U. S. Army can be considered as neutral."

यह भी सुना गया है कि पंडित नेहरूने चेंबर ऑफ कामर्स, कलकत्ता, की मीटिंग में यह कहा है कि अेक खास हालत में किस हद तक मआशी अिमदाद हम बाहर से ले सकते हैं, और कितनी लेनी चाहिये अिसको भी हमें सोचना पडेगा। यह जो खियालात पंडित नेहरू ने जाहीर किये हैं अुससे हमें पता चलेगा कि कुछ खास दौर से गुजर रहे हैं। अेक जमाना था कि अमेरिका के गुणगान से हमारा मुल्क भरा हुआ था। हम अमेरिका को अपना सबसे बडा दोस्त समझते हुअे अुनका स्वागत किया करते थे। लेकिन पिछले अेक साल में जो वाक्यात हमारे सामने आये हैं अुससे जिस गहरी नींद में हम पडे हुअे थे अुससे हम आज जाग रहे हैं। हमें जो पहला तजरुबा हुआ वह कश्मीर के अंदर हुआ। शेख अब्दुल्ला पर भरोसा रखते हुअे आज तक अपनी कौमी जद्दोजहद की कोशिश के तौर पर हम अुनकी अिमदाद करते रहे और वहां की अव्वाम जो वहां की जमीनदारी के खिलाफ और वहां के महाराजा के खिलाफ लड रही थी अुसका साथ देते रहे। हम यह समझ रहे थे कि जिस जमहूरियत को हम कायम करना चाहते हैं अुसी रास्ते पर हिंदुस्तान के अेक हिस्से के तौर पर कशमीर आगे बढेगा। लेकिन हमारा यह सुख-सपना अेक दिन टूट गया। हमने देखा कि अमेरिका ने वहां अपनी कार्यवाही शुरू की और यह कोशिश की कि वहां अपने जंगी मनसूबों के लिये अड्डे कायम कर सकें, और अिस हिस्से को हिंदुस्तान से अलग करें। वे चीजें खतम हुअीं न हुअीं कि हमने सुना कि पाकिस्तान के साथ अमेरिका का मुआहदा हो रहा है। बहुत से लोगों को अुस वक्त अैसा मालूम हुआ कि अैसा नहीं हो सकता, क्योंकि अमेरिका को हम अपना सबसे बडा दोस्त मानते हैं और अमेरिका भी समझती है कि अेशिया में हिंदुस्तान अेक अैसा मुल्क है जिसको दोस्ताना तौर पर रखना चाहिये और हमेशा दोस्ताना ताल्लुकात अुसके साथ बढाने चाहियें। लेकिन पाकिस्तान के साथ जो मुआहदा होने की खबर हमने सुनी और आज जो कुछ हो चुका है अुससे अब हम अपनी गहरी नींद से जाग अुठे हैं और सोच रहे कि यह जो तरीका अमेरिका की तरफ से अखितयार किया जा रहा है अुसके सिलसिले में क्या किया जाय। मैं हाअुस से बताना चाहता हूं कि अमेरिका की कार्यवाहियां आज हमें नये तौर पर महसूस हो रही हैं लेकिन अुसका आगाज १९४५ में जब दूसरा महायुद्ध समाप्त हुआ अुसी वक्त से हुआ है। और जिस हिटलर को दुनिया की अव्वाम ने शिकस्त दी थी अुसी हिटलर का विरसा लेकर अमेरिका दुनिया के अंदर सब दुनिया पर हावी

होनेकी ओीर्षासे आगे कदम अुठाती गओी। आप अगर अिस अमेरिका की कार्यवाहियों को जंगे अजीम नंबर दो के खतम होने के बादसे देखेंगे तो पता चलेगा कि अुनकी कार्यवाही हमेशा दो तरह की रही है। अेक तरफ दुनिया में जो सोशलिस्ट मुल्क है या जहां जहां अव्वाम की जमहूरियत पसंद हुकूमतें कायम हुओीं हैं, मसलन् सोवियट रूस और पीपल्स चायना और दीगर मुमालिक, अुनके खिलाफ अेक महाज खडा किया जाय। अिसके साथ साथ अपने बेपार को बढाने के लिये, ज्यादा मंडियों को हासिल करना, अपने सरमायेदारों के अेक्सप्लॉयटेशन को आगे बढाने के लिये दुनिया में जितने पिछडे हुये मुल्क हैं अुनको अपने काबू में लाने की कोशिश करना, यह भी दूसरी कोशिश अमेरिका की तरफ से हुओी है। यानी १९४५ से ही हिटलर का विरसा लेकर अमेरिका आगे बढ रही है। हिटलर ने यही किया था कि अेक तरफ दुनिया में सोवियट रूसके खिलाफ नारा देते हुअे दूसरी तरफ यह अैलान किया कि हमें कॉलनीज नहीं है, हमारी बढती हुओी आबादी के लिये जगह नहीं है लिहाजा हमें अेक नया मुल्क मिलना चाहिये। अिस तरीके पर हिटलर आगे बढा। आज अमेरिकन सांम्राज्यवादी भी बिल्कुल अुसी तरीके से दुनिया के अंदर आगे बढ रहे हैं। आज पाकिस्तान और अमेरिका का जो मुआहदा हुआ है अुसे हम अपने लिये अेक गाअिड के तौर पर न देखें तो आयंदा जो कुछ होनेवाला है अुसके बारे में हमें आगे जो कदम अुठाना चाहिये वह ठीक तरह से नहीं अुठा सकेंगे अमेरिका की तरफ से दूसरे जंग के बाद मिलीटरी मुआहदा हर जगह करने की कोशिश की गओी। यूरप के अंदर अेक यूरप अमेरिका पैक्ट बनाया गया। अुसके बाद मिडिल ओीस्ट में मेडो के नाम से अेक पैक्ट बनाने की कोशिश की गओी। अुसके बाद जापान, आस्ट्रेलीया और न्यूजीलंड के अुस हिस्से में पैसिफिक पैक्ट बनाने के बारें में कोशिश की गओी। लेकिन छोटीसी कामयाबी से 'अेन्झज' नाम से अेक पैक्ट बनाया गया। अिसके आगे वे वहां नहीं बढ सके। यह कोशिश अिसलिये थी कि यूरप से लेकर जापान तक अेक अैसी पूरी संकल तैयार की जाय जो कि मौका आने पर अेशिया के अुन तमाम मुल्कों के खिलाफ अिस्तेमाल की जा सके जो अभी पिछडे हैं जिन में से कुछ अभी अभी आजाद हुअे हैं या जो अभी आजाद नहीं हुअे हैं और आजादी के लिये लड रहे हैं और जो मुल्क अेशिया के मुल्कों को आगे जाने में मदद दे रहे हैं। अेशिया के तमाम मुल्कों को धोखा देने के लिये अुनको आजाद न होने देने के लिये, जो आजाद हुअे हैं अुनकी आजादी खतम करने के लिये अमेरिका ने यह कोशिश की। अिसका मकसद अेकतरफ सोवियट रूस और पिपल्स चायनाके खिलाफ अेक कार्डन (cordon) तैयार करने का भी था। लेकिन मैं हाअुस को बताना चाहता हूं कि अेक जमाने में हिटलर ने भी अपने दावे के साथ दुनिया के तमाम मुल्कों को अपने पंजे में लाने की कोशिश की थी। लेकिन दुनिया को अव्वाम ने अुसको पहचाना। आज वही चीज हमारे सामने फिर से आ रही है। अमेरिका अपने कदम हर जगह बढाते जा रहा है। अिस वक्त हाअुस के सामने अिस चीज को रखना गैरमुनासिब न होगा कि अेक तरफ रूस और चायना के खिलाफ कोशिश की जा रही है और दूसरी तरफ खुद अमेरिका और अिंग्लेंड में आपस में जद्दोजहद जारी है। और अुसके फलस्वरूप अंग्रेजों के लिये मंडियां हासिल करनेके लिये अमेरिकाकी तरफसे जो कोशिश हो रहीहै अुसको भी हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। अिन दो तरीकों से आज अमेरिका दुनिया में आगे बढ रहा है। अिस पसमंजर में नअपनी आजादी के लिहाज से और अपने मुल्क की कूव्वतों को बढाने के लिहाज से अमेरिका कि कोशिशों की तरफ देखना चाहिये। हमने १५ अगस्त १९४७ में अपनी अव्वाम की जद्दोजहद से और दुनिया के अंदर जो जमहूरी ताकत पैदा हुओी थी अुसकी वजह से जो कुछ सियासी हुकूक हासिल

किये अुनको ज्यादा मजबूत करने के लिये और जो हमारी पस्त मआशी हालत है अुसको खतम करने के लिये आगे कदम अुठाना शुरू किया। हमारे सामने यह सवाल था कि हमारे मुल्क की आयंदा हम तरक्की कैसे कर सकेंगे, जो बर्तानिया के मआशी बंधन हमारे अूपर है अुनको कैसे तोड सकेंगे और मुल्क के अंदर जो हमारी अव्वाम का स्टैंडर्ड आफ लिविंग है अुसको कैसे बढा सकेंगे। हमने आगे बढने की कोशिश की लेकिन हम कामयाब न हो सके। अिसी वक्त हिंदुस्तान अेक बहुत बडा सनअती और ताकतवर मुल्क न बने अिस लिये अमेरिका की तरफ से, साम्राज्यवादी अमेरिका की तरफ से, कोशिशें जारी थी। हिंदुस्तान ताकतवर न हो सके अिसलिये अेक जमाने मे अंग्रेजोंने भी कोशिश की थी। अुन्हों ने हिंदुस्तान की तकसीम की और हर जगह अपने सियासी और मआशी तसल्लुत को कायम रखते हुअे पाकिस्तान और हिंदुस्तान दोनों को कमजोर रखने की कोशिश की। लेकिन हिंदुस्तान मे जो जमहूरी कूव्वतें हैं, हिंदुस्तान की अव्वाम ने अेक जमाने में साम्राज्यावादियों के खिलाफ लड कर जो ताकत हासिलकी है, अुसकी वजह से अमेरिका का अैसा तसल्लुत हिंदुस्तान के अूपर कायम नहीं हो सका जिस तरह वे पाकिस्तान में कायम कर सके हैं। जो अमेरिका पिछले तीन साल में हिंदुस्तान पर अप नी पकड कायम करने में कामयाब न हो सका, अुसने यह अेक नया रास्ता आज ढूंढा है और पाकिस्तान अमेरिका का मुआहदा अुसीका नतीजा है। अिस मिलीटरी मुआहदे का मकसद जहां अेक तरफ यह है कि दुनिया की अव्वामी जमहूरियतों के खिलफ अेक कॉर्डन तैयार किया जाय, वहांयह भी मकसद है कि अमेरिका के जो जंगी मनसूबे हैं अुनके अंदर हिंदुस्तान को खींचा जाय। आयसेनहोवर से जो पत्र पंडित नेहरु को आया है अुसमें अुन्होंने कहा है कि जिस तरह पाकिस्तान को हमने अिमदाद दी है अुसी तरह आपको भी देने के लिये हम तैयार है लेकिन अिस सिलसिले में पंडित नेहरु का जवाब बिल्कुल साफ साफ है कि किसी भी मुल्क की आजादी बाहरी फौजी अिमदाद पर कायम नहीं रह सकती। हम किसी की अिमदाद लेकर आगे नही बढ़ना चाहते हैं हम अैसी अिमदाद नहीं ले सकते और आज अमेरिका से पाकिस्तान को जो मदद दी जा रही है अुसको भी ठीक नहीं समझते। बहुत से लोग समझते हैं कि जवाब देने की हमें क्या जरूरत थी? अगर हम अुनसे फौजी मदद लें तो क्या हर्ज है? मुमकिन है पाकिस्तान के अंदर भी अिसी तरह नमहसूस करनेवाले लोग हों। वे समझते होंगे कि हम अमेरिका से अिमदाद लें तो हम ताकतवर बनेंगे और कशमीर का मसला हम हल कर सकेंगे। लेकिन मुझे अिस वक्त वह कहानी याद आ रही है जिसमें बताया गया है कि किस तरह घोडे ने अेक जंगली जानवर को खतम करने के लिये अिनसान की मदद मांगी और हमेशा के लियेअिनसान को अपनी पीठ पर सवार कर लिया। मसले के तमाम पहलुओं को मैं हाअुस के सामने नहीं रखना चाह रहा हूं। दूसरी भी अेक मिसाल मैं दे सकता हूं। अेक जमाने में फिलिपिन्स ने स्पेन के खिलाफ अपनी आजादी की रक्षा के लिये अमेरिका की अिमदाद मांगी और बाद में फिलिपिन्स अमेरिका की अेक नौआबादी बन गया। आज पाकिस्तान समझ रहा है कि अमेरिका की अिमदाद लेकर वह कामयाबी हासिल कर सकेगा। मुझे पाकिस्तान की अव्वाम से अपील करनी है कि अिससे पाकिस्तान आगे बढनेवाला नहीं है, बल्कि पाकिस्तान दुनिया के सब से बडे ताकतवर और साम्राज्यवादी हुकूमत अमेरिका के हाथ का अेक खिलौना बन जायगा, बल्कि मैं कहूंगा कि करीब करीब वह आजही अैसा खिलौना बन गया है। अिससें पाकिस्तान कीअव्वाम की बहबूदी होनेवाली नही है बल्कि हिंदुस्तान के साथ रहते हुअे हिंदुस्तान की अव्वाम की जद्दोजहद के कारण पाकिस्तान को जो आजादी मिलसकी है वह भी खतम हो जायगी। शायद यह चीज पाकिस्तान की अव्वाम को भी

पसंद नहीं है। अीस्ट बंगाल के अिलेक्शन के नतायज यही बता रहे है। पाकिस्तान का हुक्मरान तबका समझ रहा है कि अमेरिका की अिमदाद से पाकिस्तान की बहबूदी होगी। लेकिन अीस्ट बंगाल ने यह बतलाया है कि पाक-यू. अेस.अे. पैक्ट के पीछे वह खडा नहीं है। मुस्लिम लीग वहां हारी है और मुत्तहादी पार्टी है अुसने अबतक की खबर के मुताबिक ५१ सीटें हासिल की हैं। अिससे जाहीर होता है कि पाकिस्तान की अव्वाम समझती है कि अमेरिका की अिमदाद जो पाकिस्तान ले रहा है वह अुसकी आजादी के खिलाफ जानेवाली चीज है। वहां की अव्वाम भी यह महसूस करती है कि अिससे पाकिस्तान की बहबूदी नहीं होगी, बल्कि अुनकी आजादी खतम हो जायगी, और अंग्रेजों के पंजेसे निकल कर अमेरिका के पंजे में पाकिस्तान जा रहा है। अिसीलिये पंडित नेहरूने अमेरिका की अिमदाद को लेने से अिनकार किया। अिस असेंब्ली में भी अिस ख्याल का अिजहार करता हूं कि जो साम्राज्यवादी अमेरिका अपनी अिमदाद देकर हिंदुस्तान को अपने सियासी कामों की अेक संकल बनाना चाहता है और हमारी आजादी पर जरब लगाना चाहता है अुसकी अिमदाद हम हरगिज नहीं ले सकते और न लेंगे। किसी साहब ने कहा कि हमारा मुल्क गरीब है और हमारे पास सरमांया नहीं है। बगैर सरमाया लिये हम कैसे आगे बढ सकते है ? अिस प्रश्न के लिये मेरा जवाब यह है कि अगर किसी अिमदाद की वजह से हमारी आजादी पर असर होता है, हमारी आजादी पर जरब लगता है, तो अैसी अिमदाद न लेने के नतीजे में अगर हमको भूखा भी मरना पडे तो हम भूखे मरेंगे लेकिन आजादी पर असर करनेवालों का डटकर मुकाबला करेंगे। अिसी ख्याल से हम सब को आज आगे बढना है। पंडित नेहरूने अिस सिलसिले में जो पॉलिसी जाहीर की है अुसको, अपनी ताअीद जाहीर करने के लिये आज हाअुस के सामने मैंने अिस रेजोल्यूशन को लाया है।

दूसरी अेक चीज मैं हाअुस के सामने रखना चाहता हूं। बहुत से लोग यह समझे कि पाक-अमेरिका के अिस पॅक्ट से हमको धोखा नहीं है बल्कि रूस और चायना को है। हमें अिससे क्या करना है ? जैसा मैंने दूसरी अेक तकरीर के सिलसिले में कहा था कि अिन्सान के खून का अेक दफा शेर को चस्का लग जाय तो वह यह नहीं देखता कि अिस गांव का आदमी अच्छा है या अुस गांव का। वह किसी को भी अुडाता है। मुझे बहुत बडा शक होता है कि कोरिया की लडाअी में पस्त होने के बाद आज अमेरिका में जो बेरोजगारी बढ रही है, चीजों की कीमतें गिर रही हैं, जंग का सामान पडा है अुसको मुनाफे से बेचने के लिये शायद दुनिया के अंदर और कहीं छोटी मोटी जंग शुरू करदी जाय अिस ख्याल से अमेरिका की कोशिश आगे बढती जा रही है। अैसी हालत में हिंदुस्तान और पाकिस्तान के दरमियान आज जो ताल्लुकात हैं अुनको देखते हुअे अमेरिका के लिये अिन दो देशों के सिवा दूसरी कौनसी जगह अच्छी हो सकती है जहां वह लडाअी शुरू कर दे ? जिस साम्राजियत की यह ट्रेडीशन है कि वह दुनिया के लोगों को आपस में लडायें और खुद मुनाफा कमा लें अुसके लिये क्या यह संभव नहीं है कि वह हिंदुस्तान और पाकिस्तान को लडाकर अपने जंगी सामान के लिये अेक खासा मार्केट खुला करे ? किसीने कहा है कि मौत के बेपारी अमेरिकन साम्रज्यवादी यह चाह रहे हैं कि अपने माल को बेचने के लिये हर जगह दुनिया के अंदर जंग को चलाया जाय। अिस चीज को अगर हम नजरअंदाज करें और सिर्फ अिसी ख्याल में रहें कि अिससे चीन और रूस को ही धोखा है तो हम बडी भारी गलती करेंगे। आज जो अीरान में हुआ है वही कल हिंदुस्तान में होने के अिमकानात पैदा हो सकते हैं। अीरान के अंदर मुसाद्दिक की हुकूमत ने आजाद अीरान के कअी मसले हल

किये । ओरान की आजादी पर कओ साल से हावी होनेवाले अंग्रेजों को वहां से खतम किया, अपनी मुल्क की तरक्की के लिये अुसने तमाम जरायों को अपने हाथ में लिया और अेक जमहूरी दौर वहां कायम कराया । लेकिन हम देखतें है कि वहां भी अमेरिका ने मुसाद्दिक को अुखाड ने के लिये वहां कि अेक विरोधी सियासी पार्टी को मिलीटरी अिमदाद दी और जिस मुसाद्दिक को वहां की अव्वाम कि मेजारिटी ने मुल्क का कारोबार जिस तरह से वह चाहे अुस तरह से चलाने के लिये अधिकार दिया था, अुसको अुखाड फेंका गया और पूरे मुल्की के खियालात के खिलाफ जाकर अमेरिका के तहत अेक दूसरी हुकूमत वहां कायम की जा रही है । आज हिंदुस्तान के अंदर जो हालत है अुसमें वहां जो हुआ वह होना अुतना मुमकिन नही है । हमारी अेक जमहूरी कूव्वत है, जद्दोजहद है, अेंटी अिम्पेरिअेलिस्ट ट्रेडीशन्स है, अिन तमाम का ख्याल करते हुअे अमेरिका के लिये हिंदुस्तान का ओरान बनाना आसान नहीं है । लेकिन जिस तेज रफ्तार से अमेरिका हर जगह आगे बढ रहा है और जो आसपास के हालात बदलते हुअे नजर आ रहे हैं अुससे यह मालूम हो रहा है कि पूरे हिंदुस्तान को अेक तरह से घेरा डालते हुअे अमेरिका जा रहा है । पाकिस्तान के अंदर अुनके हवाओ अड्डे हैं। हमारे मुल्क के अंदर गोवा का भी अिस्तेमाल किया जा रहा है । अुधर जापान के अंदर अिडोचायना में और आसपास में अमेरिका के अड्डे आज भी कायम हैं । अिस तरह से पूरे हिंदुस्तान के अतराफ अमेरिका का घेरा पडा हुआ है और अगर आंतरराष्ट्रीय हालात अिसी तरह से खतरनाक होते चले जायें तो अमेरिका के लिये हिंदुस्तान पर दबाव लाना मुश्किल नहीं है । अिस तरह से अमेरिका की पकड हमारी आजादी को न सिर्फ बैरूनी तरीके से बल्कि अंदरूनी तरीके से भी खतरा पैदा करती है। अिसीलिये पंडित नेहरू ने कहा है कि कश्मीर के अंदर जो अमेरिकन न्यूट्रल्स हैं अुनको हम न्यूट्रल्स नहीं समझ सकते । वे यहां रहकर हमारे तमाम फौजी कारोबार को देख सकते हैं, हमारे यहां के स्ट्रेटेजिक पोस्टस् को देख सकते हैं, हमारी फौजी कॉन्फीडेन्शिअल चीजों को जान सकते हैं और पाकिस्तान के साथ अपने ताल्लुकात रख सकते हैं । अुनको हम अपने दोस्त कैसे समझें ? अुनसे हमे धोखा नहीं है अिस चीज का भी यकीन हम कैसे रख सकते हैं ? आयसेनहोवर, वजीरे आजम अमेरिका और मोहम्मद अली वजीरे आजम पाकिस्तान, दोनों ने कहा है कि हम जो अिमदाद दे रहे हैं और ले रहे हैं, वह किसी मुल्क के खिलाफ लडाओ करने के लिये नही है । अगर अैसा नहीं तो क्या वजह है कि अिस तरह से जब पूरा हिंदुस्तान कह रहा है कि कश्मीर का मसला तय करने के लिये हमने दुनिया के सामने, यूनो के सामने, खुलेआम रख दिया है, अुसके बावजूद हिंदुस्तान पर दबाव लाने के लिये अिस तरह से फौजी अिमदाद ली और दी जा रही है ? दो साल पहले हिंदुस्तान ने अिस चीज को साफ कर दिया है कि यूनों पर भरोसा रखते हुअे वह अिस मसले का हल पा सकेगा । लेकिन हम देखते हैं कि दो साल से अमेरिकन साम्राज्यवादी कश्मीर के मसले को हल करने के रास्ते में मुसलसिल रोडे अटका रहे हैं । अेक साल पहले हिंदुस्तान खुश था । पाकिस्तान के प्रधान मंत्री मोहमद अली देहली आये और पंडित नेहरू भी कराची गये थे और अैसा मौका पैदा हुआ था कि हम आपस मे बातचीत करके अपने सवालात हल कर सकें लेकिन अैसा होना अमेरिका के लिये ठीक नहीं था । अमेरिकाने पाकिस्तान से जो दोस्ताना ताल्लुकात रखे अुनकी वजह से और अमेरिका की जारहाना पालिसी की वजह से यह चीज न हो सकी और तब से दिन ब दिन हालात खराब होते जा रहे । अिन चीजों को हाअुस के सामने रखते हुअे मुझे यह कहना है कि हम अिनडिफरन्ट हो कर सुस्ती से आज के बदलते हुअे हालात की तरफ नहीं देख सकते । हमें अिस सवाल की तरफ तवज्जेह देनी

पडेगी और अुसकी तरफ देखने का जो हमारा तरीका है अुसको भी साफ करना पडेगा। मैं यह बताअूंगा कि आज मुल्क के अूपर सिर्फ बाहर से ही खतरा नहीं है, बल्कि अंदर से भी खतरा है और वह है अुन तमाम फिरकेवाराना अिदारों से जो अिन तमाम हालात में हिंदुस्तान का जो सेक्यूलर स्टेट है अुसके अंदर रहनेवाले मुख्तलिफ मजहब के लोगों में झगडे पैदा कराना चाहते है। हिंदुस्तान का अेक रिपब्लिक कायम हुआ है और जो हमारी कौमी ट्रॅडीशन है अुसने हमको सिखाया है की मजहब के लिहाज से हम किसी में फर्क नहीं करते। जाति और मजहब को ख्याल में रखते हुअे हमने कभी हिंदुस्तान की कौमी जद्दोजहद में नही सोचा, बल्कि हमेशा यह सोचा है कि जो चूसनेवाले हैं अुनके खिलाफ तमाम अव्वाम का अेक महाज खडा होना चाहिये। लेकिन आज के हालात का फायदा अुठाते हुये कुछ फिरकेवाराना अनासिर आगे बढना चाहते हैं। अिन फिरकेवाराना अनासिर से हमें तजरूबा है कि वे पाकिस्तान की अव्वाम के खिलाफ हिंदुस्तान की अव्वाम को मजहब के नाम पर अुठाना चाहते हैं और अिसी बिना पर अन्ग्रेजों के जमाने में अुन्होंने अंग्रेजों का साथ दिया था और हमारे कौमी जद्दोजहद के खिलाफ नारे लगाये थे। अिसलिये अेक तरफ हमारे मुल्क के बाहर से जो खतरा है अुसके खिलाफ भी हमें तैयारी करना है और दूसरी तरफ मुल्क के अंदर जातीयतावादी और मजहबी खियालात के लोगों के खिलाफ अेक बहुत बडा मुत्तहिदा महाज खडा करना है। अिसीलिये मैंने अपने रेजोल्यूशन में हिंदुस्तान और पाकिस्तान के दोस्ताना ताल्लुकात पर जोर दिया है। हिंदुस्तान को सिर्फ हिंदुस्तान की हद तक ही खतरा नहीं है, बल्कि साअुथ ओस्ट अेशिया में जो अमेरिका तेजीसे बढता जा रहा है अुसकी वजह से पूरे साअुथ अीस्ट अेशिया को धोखा हो गया है। सिर्फ हिंदुस्तान का ख्याल रखकर अगर हम अिस पाक-यू.अेस.अे. पॅक्ट के खिलाफ आवाज अुठायेंगे तो आनेवाली परिस्थिति का मुकाबला हम नहीं कर सकेंगे। अेशिया के सब मुल्कों को जिन्होंने पिछले पचास साल से कौमी जद्दोजहद में हिस्सा लिया है और आजाद हो गये हैं, और आज भी आजादी के लिये लड रहे हैं अुन सब को—बर्मा, अिंडोनेशिया अिंडो चायना और दीगर मुमालिक को अेक जगह लाना पडेगा, क्योंकि अिस साम्राजियत का हमें मुकाबला करना है वह दुनिया के दो सबसे बडी ताकतों में से अेक है। अकेले हिंदूस्तान को अुसका मुकाबिला करना मुश्किल है। अमेरिका की तरफ से जो कदम आज अुठ रहा है अुसको रोकने की ताकत आज किसी अेक मुल्क में नहीं है, बल्कि अुसके लिये दुनिया की आजाद पसंद अव्वाम का अेक बहुत बडा महाज हमें खडा करना पडेगा। अिसीलिये मैंने अिस रेजोल्यूशन के अंदर (.........develop Indo-Pakistan friendship, Asian solidarity and World Peace.) के अल्फाज रखे हैं।

दूसरी चीज मुझे यह रखना है कि दुनिया के अंदर आज जो अमन कायम करने की तहरीक है अुसको आगे बढाना चाहिये। हम चाहते हैं कि हमें अपने मुल्क के अंदर आजादी हो ताकि हम अपने दिल के मुताबिक चाहे जैसी हुकूमत कायम कर सकें। दूसरे मुल्कों को अिसमें मदाखलत करने का अेख्तियार नहीं होना चाहिये और यहां दूसरे मुल्कों को अपना तसल्लुत कायम करने का मोका भी नहीं होना चाहिये। लेकिन साम्राज्यवादी राष्ट्र अपनी मंडियों को कायम रखने के लिये, दुनिया के मुल्कों की आजादीपर जरब रखने के लिये, अुनके अंदरूनी मामलात में हस्तक्षेप कर रहे हैं और अुनको अपने पंजे में लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि हममें से हर अेक, फिर वह चाहे किसी भी पार्टी का हो, अपने मुल्क की आजादी को सब से बडी चीज समझता है।

और जब कभी मुल्क की आजादी पर हमला होने के अिमकानात पैदा होंगे तो बिना किसी पार्टी बाजी या मजहब के खियाल से हम सब को अेक होकर अुसका मुकाबला करना चाहिये। अिसी चीज को जाहीर करने के लिये यह रेजोल्यूशन हाअुस के सामने रख रहा हूं। हाअुस का ज्यादा वक्त न लेते हुअे अिस रेजोल्यूशन का जो आखरी ऑपरेटिव पार्ट है अुसकी तरफ हाअुस को तवज्जेह दिलाना चाहता हूं। आज सिर्फ असेंबली में बैठकर अिस तरह के करारदाद पर बहस करने से, या बाहर मीटिंग्ज लेनेसे, अिस मसले को हम हल नहीं कर सकते। पंडित नेहरु ने और दूसरी जमहूरी पार्टियोंने पिछले छ: महीनों से अिसके खिलाफ पुरजोर आवाज अुठाअी है। लेकिन अफसोस की बात है कि जो अमेरिकन साम्राज्यवादी अपना जारहाना कदम अुठा रहे हैं वे अब तक हमारी आवाज को नही सुने हैं। जब हमने आवाज अुठाअी तो हम यह अुम्मीद कर रहे थे कि हमारी दोस्ती का अेहतराम किया जायगा और अिस तरह का फॅक्ट जो बनाया जा रहा है अुसको रोका जायगा। लेकिन हम देखते हैं कि जब साम्राजियत के सामने अपने फायदे का सवाल आता है तो वह लोगों की दोस्ती को ठुकरा सकता है। अैसी हालत में हमको अेक मुत्तहिदा तौर पर कदम अुठाना पडेगा। आज हमारे मुल्क पर किस तरह का संकट आयेगा अिसके बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता। लेकिन मैं यह हाअुस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि जब हमारे मुल्क पर किसी भी किस्म का संकट आ जाता है तब हम सब को अेक होकर आगे बढना होगा और अपने मुल्क का रक्षण करना पडेगा। अिस काम में हम सब को साथ रहना चाहिये।

आखिर मे मैं हाअुस से अपील करूंगा कि अिस चीज को हुकूमते हिंद पर वाजे करना चाहिये कि अपने मुल्क को और मुल्क की आजादी को बरकरार रखने के लिये अुसको ज्यादा मजबूत करने के लिये, हमें जल्द से जल्द कदम अुठाना चाहिये। आज जो हमारे मुल्क में अमेरिकन निरीक्षक हैं वे अब यहां नहीं रह सकते। मैं ने अिस रेजोल्यूशनमें अमेरिका के साथ जो ताल्लुकात है अुनको तोडना चाहिये अिसके बारे में जो जुमला था अुसको निकाल दिया है, लेकिन अिसके पीछे जो सेंटीमेंट है अुसको मैं अिस वक्त हाअुस के सामने रखे बगैर नहीं रह सकता। अगर अमेरिकन निरीक्षक हमारे देहातों के अंदर हैं, फोज के अंदर हैं, सनअतों के अंदर हैं, और सनअतों को जानते है, अगर अुनके टेकनिशियन्स हर जगह घूमते हैं, अगर अुनके अिनफरमेशन ब्यूरोज शहरों में खोले गये हैं, मुल्क के अखबारात में अपने नुमाअिंदों को रखकर हमारे मुल्क की सेक्यूलर पॉलिसी के खिलाफ और हमारी जमहूरी पॉलिसी के खिलाफ लिख सकते हैं तो अैसी हालत मे हम अमेरीका का भरोसा कैसे कर सकते हैं? हिंदुस्तान के खिलाफ आज अमेरिका और दुनिया की अव्वाम में सब से ज्यादा प्रचार जो करते है वे अुनके यहां के अेजंट ही करते हैं. पंडित नेहरु की होम पॉलिसी के खिलाफ दुनिया की अव्वाम को तैयार करने के लिये रोजाना अखबारात के स्तंभ के स्तंभ लिखे जाते हैं और अव्वाम को बताया जाता है कि पंडित नेहरू कम्युनिस्ट हैं। हम तो कम्युनिस्ट हैं, लेकिन पंडित नेहरू कम्युनिस्ट हैं या नहीं यह तमाम लोग जानते हैं। लेकिन पंडित नेहरू और हम दोनों चाहते हैं कि हम अपनी आजादी बरकरार रखें और अुसके खिलाफ कोअी हमला करने की हिम्मत करे तो अुसके खिलाफ मुत्तहिदा तौर पर खडे होकर लडें। अैसी हालत में मैं हाअुस से कहूंगा कि हमें बहुत ही सोंच समझ कर और सुचेत रह कर आगे कदम बढाना पडेगा। हम मुल्क के अंदर यह कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते कि हमारी अमन की पॉलिसी के खिलाफ कोअी यहां प्रचार करे और हमारे अखबारात को सबसीडी देकर

हमारे ही खिलाफ लिखने के लिये अुनको मजबूर करें। अिस चीज पर अगर आप गौर करेंगे तो आपको पता चलेगा कि पूरे मुल्क के अंदर अमेरिकन प्रचार जारी है और अिसके लिये यहां अमेरिकन अेजंटस भेजे हुअे हैं। यही बात हिटलर ने सन १९३७ में की थी। आपको मालूम है कि दूसरा महायुद्ध शुरु होते ही किस तरह से यूरप के देश अेक के बाद अेक गिरते गये। अिस की वजह सिर्फ यह नहीं थी कि हिटलर के पास बहुत अच्छी फौज थी। अच्छी फौज तो थी लेकिन वह बहुत कम थी। लेकिन सब से बडी वजह यह थी कि हर मुल्क को अंदरूनी तौर पर, नैतिक तौर पर, अुसने अपने हाथ में लिया था। अुसने मुल्क के अंदर मुख्तफिल सियासी पार्टियोंको करप्ट किया था, और अपने अेजंटस हर जगह रखे थे और अक पंचमस्तंभ कायम किया था। अिस वजह से वह यूरप के अंदर जल्दी कामयाबी हासिल कर सका। अिस चीज को हमें आज ही सोंचना पडेगा। मुल्क के सामने जो खतरा है अुसका सामना करना है तो पहले फिरकेवाराना जहनियत के लोगों के खिलाफ कदम अुठाना चाहिये और अुनका मुकाबला करने के लिये अव्वाम को तैयार करना चाहिये।

